एक नजर में

सात कुख्यात अपराधियों को किया जिलाबदर

इंदौर. जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को छह माह के लिए जिलाबदर कर दिया है. कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष सिंह ने यह आदेश जारी करते हुए आरोपियों को इंदौर सहित आसपास के जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर रहने के निर्देश दिए हैं. आदेश के मुताबिक, खुड़ेल थाना क्षेत्र के अंबामोलिया निवासी सुरेश पिता देवीसिंह गांगोलिया और अशोक पिता देवीसिंह गांगोलिया, बेटमा के सन्नी पिता कालु वर्मा, महू के यादव मोहल्ला हाल मुकाम हरसोला निवासी संदीप पिता राजू पंडित, जोशी मोहल्ला निवासी अक्षय पिता अनूप यादव, मानपुर के अंशुल पिता मुकेश वर्मा और सौरभ उर्फ रितिक उर्फ गल्ला पिता राजेश देवड़ा को जिलाबदर किया गया है. पुलिस ने बताया कि ये सभी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय हैं और इनके खिलाफ विभिन्न थानों में पांच से अधिक मामले दर्ज हैं. जिला बदर अवधि के दौरान इनकी जिले में एंट्री प्रतिबंधित रहेगी.

30 घंटे बाद भी अर्जुन हत्याकांड में पुलिस खाली हाथ

इंदौर. चंदननगर इलाके में राखी के दिन हुई अर्जुन यादव की हत्या को 30 घंटे बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अभी तक आरोपियों तक नहीं पहुंच पाई है. न तो हत्यारों का सुराग मिला है और न ही हत्या की वजह सामने आई है. 35 वर्षीय अर्जुन पिता रामसिंह यादव नावदापंथ स्थित एक नमकीन फैक्ट्री में तीन साल से काम करता था. राखी के दिन दोपहर में वह बड़े भाई की बेटी से राखी बंधवाने के बाद शाम को फैक्ट्री गया था. देर रात ईंट भट्टे के पास उसका शव मिला. शरीर पर 18 से 20 चाकू के गहरे घाव थे, जो हत्या की बेरहमी को दर्शाते हैं. पुलिस ने अर्जुन के परिजनों और परिचितों से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश की कि कहीं उसकी किसी से रंजिश या विवाद तो नहीं था, लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और पुलिस टीम संदिग्धों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हत्या में एक से अधिक लोगों के शामिल होने की आशंका है और जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा.

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया किशोर, मौत

इंदौर. मदीना नगर में रविवार शाम पतंगबाजी ने एक मासूम की जान ले ली. 13 वर्षीय तोहिद पिता राज मियां मकान की दूसरी मंजिल पर पतंग उड़ा रहा था. पतंग अचानक पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन में उलझ गई. उसे निकालने की कोशिश में तोहिद बिजली के तेज करंट की चपेट में आ गया. जोरदार धमाके के साथ वह छत पर गिर पड़ा और बुरी तरह झुलस था, जिसे आसपास के लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया. घटना शाम करीब 6 बजे की है. मोहल्ले के लोग और परिजन तुरंत तोहिद को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेजा और जांच शुरू कर दी है. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा बिजली के तारों के मकानों के बेहद करीब से गुजरने के कारण हुआ. क्षेत्रवासियों ने इसे गंभीर खतरा बताते हुए बिजली विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है.

झाड़ियों में मिला नवजात बच्ची का शव

इंदौर. चोइथराम मंडी क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई. राहगीरों ने झाड़ियों में एक नवजात बच्ची का शव पड़ा देखा, जिसके आसपास आवारा कुत्ते मंडरा रहे थे. सूचना मिलते ही राजेन्द्र नगर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा बनाकर शव को जिला अस्पताल भिजवाया. फिलहाल अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु की. राजेन्द्र नगर थाना प्रभारी निरज बिरथरे ने बताया कि मृत बच्ची की उम्र करीब दो से तीन दिन हो सकती है. शव कपड़े में लिपटा मिला और यह इलाका सुनसान मैदान से घिरा हुआ है, जबकि आसपास कॉलोनियां स्थित हैं. आशंका है कि किसी ने बच्ची को जन्म के बाद यहां फेंक दिया. पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपी की पहचान कर कार्रवाई की जा सके.

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

इंदौर. आजाद नगर पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले 25 वर्षीय नीरज कुर्मी को गिरफ्तार किया है. आरोपी पर कई धाराओं में प्रकरण दर्ज है और उसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित था. पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.

इलाज के दौरान हो गई युवक की मौत

महू. किशनगंज थाना क्षेत्र के हेमा फायरिंग रेंज में रविवार रात बम फटने से युवक मौत हो गई. 35 साल का शरीफ बकरी चराने गया था. इसी दौरान हादसा हो गया, जिसमें उसकी मौत हो गई. जानकारी के मुताबिक, घटना के बाद बम की आवाज सुनकर शरीफ के मामा गफूर मौके पर पहुंचे. उन्होंने शरीफ को निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. जानकारी मिलते ही किशनगंज पुलिस मौके पर पहुंची. सोमवार को युवक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए महू के सिविल अस्पताल लाया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. इससे पहले भी आर्मी की फायरिंग रेंज में बकरी चराने और बम बीनने के दौरान कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं. कुछ लोग बम से निकलने वाले तांबे के लालच में अपनी जान से हाथ धो बैठे हैं. आर्मी ने फायरिंग रेंज के आसपास संकेतक बोर्ड लगाए हैं. इसके बावजूद लोग प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करते हैं और हादसों का शिकार हो जाते हैं.

लग्जरी कार में पकड़ाई अंग्रेजी शराब की पेटी

महू. बडगोंदा थाना क्षेत्र का अलसुबह धार के तरफ से एक लग्जरी कार में 50 से ज्यादा अंग्रेजी शराब की पेटिया पुलिस ने बरामद की गई. जानकारी के अनुसार धार जिले से अवैध शराब की गाड़ी बिना प्लेट नम्बर जा रही थी तभी धार जिले के ही शराब ठेकेदार के व्यक्तियों ने गाड़ी का पीछा किया और नांदेड़ गाव में कार को घेर लिया उसी समय कार चालक फरार हो गया. शराब से भरी कार में 50 पेटियों से ज्यादा माल निकला जो कि सब अंग्रेजी शराब थी लोगों ने फिर बड़गोंदा पुलिस को बुलाया मामला दर्ज किया गया है. बडगोंदा टीआई प्रकाश वास्कले ने बताया की 50 पेटी शराब पकड़ी है कार चालक नहीं मिला कार में शराब थी जों जब्त कर ली है जांच कर आरोपी का पता लगाएंगे फिलहाल अज्ञात नाम से मामला दर्ज किया गया है.

राहुल पटेल का आकस्मिक निधन

देपालपुर. शिवनारायण पटेल के सुपुत्र एवं सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र पटेल के छोटे भाई राहुल पटेल का निधन हो गया. उनके निधन पर कई गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की.

पुलिस ने बाइक पर तिरंगा थाम कर दिया देशभक्ति का संदेश

- हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत निकाली विशाल तिरंगा यात्रा
- राष्ट्रीय स्वाभिमान, अस्मिता और गौरव के प्रतीक तिरंगे को शान से अपने घरों पर फहराने का भी दिया संदेश

इंदौर. हमारे देश की आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस पर देश की आन-बान-शान के प्रतीक राष्ट्रध्वज तिरंगे को पूरे गौरव व सम्मान के साथ देशभर में हर घर पर फहराया जाए और स्वतंत्रता का ये महापर्व स्वच्छता का भी पर्व बनें इसी उद्देश्य से हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. इसी अभियान के तहत आज इंदौर पुलिस ने अभिनव आयोजन करते हुए वाहन रैली निकाली. पुलिस जवानों ने बाईक पर सवार हो, हाथों में तिरंगा थाम कर देशभक्ति का संदेश दिया. उन्होंने राष्ट्रीय स्वाभिमान, अस्मिता और गौरव के प्रतीक तिरंगे को शान से अपने घरों पर फहराने का भी संदेश दिया.

अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु पुलिस आयुक्त नगरीय संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव द्वारा हर घर तिरंगा - हर घर स्वच्छता अभियान के सेल्फी पॉइंट का फीता काटकर शुभारंभ किया गया. तिरंगा बाइक रैली को भी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. उक्त बाईक रैली में नगरीय इंदौर के डीसीपी, एडिशनल डीसीपी, एसीपी की उपस्थिति में कई थाना प्रभारियों सहित 500 से ज्यादा पुलिस कर्मियों व नगर सुरक्षा समिति सदस्यों ने अपने दो पहिया वाहनों पर और हाथ में तिरंगे थामकर देशभक्ति का संदेश दिया. पुलिस कमिश्नर कार्यालय पलासिया से राजवाड़ा तक ये जागरूकता रैली निकाली गई. नागरिकों को राष्ट्रीय स्वाभिमान, अस्मिता और गौरव के प्रतीक तिरंगे को स्वयं एवं अपने आसपास के लोगों के साथ मिलकर अपने घरों पर पूरे गर्व व सम्मान के साथ फहराएं जाने और पूरे हर्षोल्लास और स्वच्छता का संकल्प लेते हुए राष्ट्रीय पर्व मनाएं जाने के संबंध में जागरूक किया गया.

अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें लोग

उक्त तिरंगा यात्रा पलासिया से शुरू होकर, घंटाघर चौराहा, रीगल चौराहा होते हुए राजवाड़ा पर समाप्त हुई. इस दौरान सभी पुलिस कर्मियों ने देश प्रेम के नारों के साथ लोगों में देशभक्ति की भावना जागृत की. इस तिरंगा अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़ें इसके लिए ये जागरूकता यात्रा पूरे जोश उत्साह के साथ निकाली गई और लोगों से आह्वान किया कि हमारे इस राष्ट्रीय पर्व पर इस अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और अपने राष्ट्र का गौरव तिरंगा घर पर जरूर फहराएं.

ढाबा संचालक की हत्या के तीन आरोपी गिरफ्तार

इंदौर. मेघदूत गार्डन के पास रविवार देर रात मिनी ढाबा संचालक पर हुए चाकू हमले के मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. घटना में ढाबा संचालक के छोटे भाई की मौत हो गई थी, जबकि बड़ा भाई और उनका दोस्त घायल हुए थे.

गिरफ्तार आरोपियों में 20 वर्षीय पवन पिता छोटेलाल रजक निवासी न्यू अंजनी नगर, पिंटू का मकान, भमोरी पुल के पास रहने वाला 19 वर्षीय राज पिता राजेश अहीरवार 41 तथा न्यू अंजनी नगर, और 33 वर्षीय जगदीश पिता शिवचरण सिसोदिया निवासी नेहरू नगर शामिल हैं.

पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने मामूली विवाद के बाद चाकू से हमला किया था. वारदात के बाद आरोपी फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस ने बाइक के नंबर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनकी लोकेशन ट्रेस कर गिरफ्तारी की. तीनों से पूछताछ जारी है और हथियार बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं.

अधूरे पुल पर हादसे में युवक की मौत

छह माह बाद भी अधूरा मालवा मिल पुल,

नव भारत न्यूज

इंदौर. मालवा मिल से पाटनीपुरा मार्ग पर बन रहा पुल छह माह बाद भी अधूरा है, जबकि भूमिपूजन के समय महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने इसे तीन माह में पूरा करने का वादा किया था. निर्माण में देरी और लापरवाही का खामियाजा रविवार रात एक युवक को जान देकर चुकाना पड़ा.

रात करीब 10 बजे 35 वर्षीय गोलू निवासी लुनियापुरा बाइक से गुजरते समय निर्माण स्थल पर लगे मिट्टी के ढेर और बैरिकेड में फंस गया. संतुलन बिगड़ने से वह नाले में गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया. मौके पर मौजूद रितिक वर्मा ने किसी तरह उसे बाहर निकाला, लेकिन अंदरूनी चोट के कारण उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया. व्यापारियों का कहना है कि

पुल निर्माण के कारण मुख्य मार्ग बंद है, जबकि वैकल्पिक रास्ता संकरा और खराब है, जिस पर दिनभर जाम लगता है. बारिश में हालात और बिगड़ गए हैं. वे चेतावनी दे रहे हैं कि यदि दीपावली पूर्व पुल चालू नहीं हुआ तो उनका व्यापार ठप हो जाएगा. पुल का अभी एक स्लैब ही तैयार हुआ है. जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर का कहना है कि ठेकेदार को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं और दीपावली से पहले पुल शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं.

वादा बनाम हकीकत

वादा: भूमिपूजन के समय महापौर ने कहा था, पुल तीन माह में बनकर तैयार होगा. हकीकत: छह माह बाद भी सिर्फ एक स्लैब तैयार, बाकी काम अधूरा. वजह: ठेकेदार की धीमी रफ्तार, वैकल्पिक मार्ग पर भारी जाम. नतीजा: हादसे में युवक की मौत, व्यापारियों में गुस्सा.

सड़क पर संगीत में खोया स्टूडेंट

- ट्रैफिक पुलिस ने दी समझाइश

इंदौर. ट्रैफिक पुलिस की फ्रेंडली पुलिसिंग का नज़ारा शहर के एक चौराहे पर उस समय देखने को मिला, जब ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने सड़क पार करते समय कान में हैंड्फ्री लगाए एक छात्र को रोककर उसकी सुरक्षा पर ध्यान दिलाया. घटना के दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने मुस्कुराते हुए छात्र का हालचाल पूछा, लेकिन म्यूज़िक में डूबा छात्र सुन ही नहीं सका. हैंड्फ्री निकालने के बाद जब पुलिसकर्मी ने पढ़ाई के बारे में पूछा तो छात्र ने मुस्कुराकर जवाब दिया अच्छी चल रही है. इस पर पुलिसकर्मी ने कहा, बहुत बढ़िया बेटा, लेकिन सड़क क्रॉस करते समय ट्रैफिक पर ध्यान दो, गानों पर नहीं. छात्र ने भी हंसते हुए वादा किया कि आगे से सावधानी बरतेगा. ट्रैफिक पुलिस ने संदेश दिया कि सड़क पार करते समय मोबाइल, म्यूज़िक और चैटिंग से दूरी बनाना ज़रूरी है, क्योंकि आपकी सुरक्षा सबसे अहम है.

तेज रफ्तार व ध्वनि प्रदूषण करने वाला बुलेट चालक पकड़ाया

बनाया सात हजार का चालान

इंदौर. शहर में यातायात को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की मुहिम के तहत पुलिस ने तेजाजी नगर चौराहे पर एक बुलेट बाइक जब्त की.

बाइक नम्बर एमपी 09 वीआर 2542 का चालक सूरज मालवीय अपने साथी के साथ तेज रफ्तार में लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहा था. साइलेंसर से पटाखानुमा तेज आवाज निकल रही थी, जिससे ध्वनि प्रदूषण फैल रहा था. यातायात सूबेदार अमित कुमार यादव और आरक्षक आशीष ने बाइक का दो किलोमीटर तक पीछा कर गांव के पास चालक को पकड़ा. सहायक पुलिस आयुक्त जोन-3 हिंदू सिंह मुवेल के निर्देश पर वाहन को विभिन्न यातायात उल्लंघनों बच्चों से वाहन चलवाना, अनाधिकृत चालक, बीमा उल्लंघन, अमानक नंबर प्लेट और ध्वनि प्रदूषण के तहत जब्त कर लिया. आरोपी पर 7 हजार का कोर्ट चालान बनाते हुए बुलेट को तेजाजी नगर थाने में खड़ा करवा लिया.

आजाद नगर पुलिस ने दो घंटे में ढूंढ निकालीं तीन नाबालिग बालिकाएं

इंदौर. आजाद नगर क्षेत्र के अमन नगर में शाम तीन नाबालिग बालिकाएं अचानक लापता हो गईं थी, परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला तो वे घबराए हुए थाने पहुंचे. पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मात्र दो घंटे में तीनों को सुरक्षित बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया.

गुम हुई बालिकाओं में 11 वर्षीय हर्षित, 9 वर्षीय संजना और 14 वर्षीय संतोषी शामिल थीं, जो अलग-अलग घरों से करीब रात 8 बजे से लापता हुईं. मामला सामने आते ही थाना प्रभारी तिलक कारोले के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई. टीम ने मुसाखेड़ी, तीन इमली चौराहा, नवलखा, तिलक नगर और आसपास के इलाकों में तलाश शुरू की. अथक प्रयासों के बाद तीनों को अलग-अलग स्थानों से ढूंढ निकाला. बालिकाओं को देखते ही परिजनों की आंखों से निकले दर्द के आंसू खुशी में बदल गए. उन्होंने तुरंत कार्रवाई के लिए आजाद नगर पुलिस का आभार जताया. पुलिस उपायुक्त जोन-01 विनोद कुमार मीणा ने भी इस सफलता की सराहना की और बताया कि क्षेत्र में गुमशुदा बच्चों के मामलों को लेकर पुलिस पूरी तरह संवेदनशील है और हर बार तुरंत कार्रवाई की जाती है. पुलिस टीम में शामिल थे थाना प्रभारी निरीक्षक तिलक कारोले, एएसआई दिनेश बचानिया, आरक्षक सुनील बॉथम और आरक्षक दुष्यंत सिंह कि विशेष भूमिका रही.

समस्या | मामला वार्ड 82 के गुरु शंकर नगर का

नलों में आ रहा गंदा पानी, किल्लत से परेशान लोग

इंदौर. इन दिनों शहर भर के क्षेत्र में पानी की किल्लत और दूषित पानी की समस्याएं ज्यादा बढ़ चुके हैं. अधिकारियों के संज्ञान में होने के बावजूद भी इसका निराकरण नहीं हो पा रहा जिसके चलते आम जनता परेशानियां उठा रही है.

फूटी कोठी क्षेत्र में आने वाला वार्ड क्रमांक 82 के गुरु शंकर नगर में एक और जन समस्या सामने आई. पिछले एक वर्ष से क्षेत्र के लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है. इतना ही नहीं दूषित पानी भी पीने को लोग मजबूर हो चुके हैं. बताया जाता है कि क्षेत्र में जब पेय जल की लाइन डाली गई थी तब शुरुआती समय में पानी की समस्या नहीं थी. सभी को पर्याप्त पानी मिलते आ रहा था. दूषित पानी भी कभी-कभी आता था लेकिन कई समय से नलों में पानी काम आने लगा है. इतना ही नहीं पानी का प्रेशर उतना कम होता है कि लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता. जितना समय पानी आता है उसमें आधा समय तो दूषित पानी लोगों को पहुंच रहा है जो पीने के बिल्कुल योग्य नहीं है. पानी की कमी होने के चलते लोगों को दूषित पानी में दवा डालकर या उसको उबालकर सेवन करना पड़ता है. कई बार शिकायत करने के बावजूद भी अधिकारियों ने इसका निराकरण आज तक नहीं किया. क्षेत्र वासियों को झूठे आश्वासन में रखकर कंप्लेंट हटाने के बाद फिर भी पानी की पूर्ति नहीं की गई.

इनका कहना है...

पानी कम भी आ रहा है और गंदा भी है. सरकारी टैंकर कभी पाच-छः महीने में एक बार इधर आ जाए तो ठीक, हमें तो पैसे देकर पानी का टैंकर बुलाना पड़ता है.

- प्रकाश साहू

नल कभी आते हैं कभी नहीं. अधिकतर गंदा पानी आता है. पानी के लिए लोगों को इधर-उधर जाकर पानी लाना पड़ता है. पानी की कीमत की समस्या गर्मियों में बहुत ज्यादा बढ़ जाती है.

- मनोज चौहान

कई बार शिकायत की हेल्पलाइन पर जब शिकायत की अधिकारियों ने हमसे शिकायत कटवाने को कहा और पानी का टैंकर पहुंचने का वादा भी किया. शिकायत तो हटा दी लेकिन पानी नहीं दिया.

- रुक्मणी कुशवाहा

ऊंचाई पर है क्षेत्र-क्षेत्र ऊंचाई पर है इसलिए सप्लाई एकदम नहीं हो पाती. क्षेत्र में पानी की टंकी का निर्माण हो चुका है. उसकी टेस्टिंग चल रही है. जल्द ही क्षेत्र में पानी की किल्लत खत्म होगी.

- नितिन शर्मा, पार्षद